
दिनांक : २०.०३.२०२५
राजस्थान पत्रिका , पृष्ठ नं : ०२

# मेट्रो ट्रेन का गांधीनगर सचिवालय तक ट्रायल रन



गांधीनगर सचिवालय तक ट्रायल रन करती मेट्रो ट्रेन।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

गांधीनगर. अहमदाबाद से गांधीनगर स्थित सचिवालय तक यात्रा करने वालों को जल्द ही मेट्रो कनेक्टिविटी मिलेगी। गुजरात मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (जीएमआरसी) ने बुधवार को सचिवालय स्टेशन तक मेट्रो का ट्रायल रन प्रारंभ कर दिया है। अहमदाबाद मेट्रो रेल के फेज-2 के तहत अहमदाबाद से गांधीनगर को जोड़ने वाली दो लाइनों का निर्माण किया गया है। जहां एक लाइन मोटेरा स्टेडियम से महात्मा मंदिर तक है और दूसरी लाइन जीएनएलयू से गिफ्ट सिटी तक है।

## अगले तीन महीनों में सात और स्टेशन चालू होंगे, यात्रियों होगी सुविधा

ट्रायल रन पूरा होने के बाद अगले तीन महीनों में यलो लाइन के सात और स्टेशन चालू होने की उम्मीद है। इनमें कोटेश्वर रोड, विश्वकर्मा कॉलेज, तपोवन सर्कल, नर्मदा कैनाल, कोबा सर्कल, सेक्टर 10-ए और सचिवालय है। इन स्टेशनों के प्रारंभ होने से यात्रा की सुविधा और मेट्रो की फ्रीक्वेंसी में सुधार होगा, जिससे यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी।

मोटेरा से महात्मा मंदिर कॉरिडोर, जिसे यलो लाइन कहा जाता है, में 21 स्टेशन हैं। फिलहाल मोटेरा स्टेडियम से सेक्टर-1 स्टेशन तक सात स्टेशन चालू हैं। अभी तक सरकारी कर्मचारी और आम नागरिकों को सचिवालय पहुंचने के लिए सेक्टर-1 स्टेशन पर उतरकर अन्य परिवहन साधनों का उपयोग करना पड़ता था, लेकिन अब मेट्रो सीधे सचिवालय तक जाएगी, जिससे यह असुविधा खत्म हो जाएगी।